RAJASTHAN PATRIKA, Ahmedabad, 20.8.2019

Page No. 14, Size:(10.33)cms X (18.49)cms.

नेशनल हाईस्पीड रेल कार्पोरेशन का 'हाफ ग्लास फुल कैम्पेन'

पानी की बर्बादी रोकने की दिशा में कदम

अहमदाबाद. यदि आप बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम कर रही कंपनी नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन (एनएचएसआरसी) यानी बुलेट ट्रेन कंपनी के दफ्तर जाते हैं तो आपको आधा गिलास पानी ही पेश किया जाएगा। कंपनी ने पानी की बर्बादी को रोकने के लिए यह पहल की है। यह सिर्फ दफ्तर ही नहीं बल्कि कर्मचारियों को भी सुझाव दिया गया है कि वे अपने घरों में आने वाले मेहमानों को आधा गिलास ही सर्व करें। यदि जरूरत हो तो बाद में और पानी सर्व करें।

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन की प्रवक्ता सुष्मा गौर ने बताया कि आमतौर पर देखा जाए तो कोई भी मेहमान आता है तो हम उनको गिलास भरकर पानी देते हैं। इसमें कई बार वह आधा पानी ही पीते हैं और आधा पानी व्यर्थ हो जाता है जो बाद में फेंक दिया जाता है। यही नहीं बाद में गिलास धोने में भी पानी व्यर्थ होता है। ऐसे में सिर्फ पानी की बर्बादी ही होती है।

पानी की बर्बादी को रोकने की दिशा में कंपनी प्रबंधन की यह पहल है। इसमें दफ्तर में आधा गिलास पानी सर्व करने की शुरुआत की गई है। यही नहीं कम्पनी के कर्मचारियों को भी जागरूक किया गया है कि वे पानी की बर्बादी रोकने की दिशा में यह शुरू करें।

उन्होंने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक हर वर्ष करीब 14 मिलियन पानी व्यर्थ हो जाता है। इसका कारण सिर्फ गैर उपयोगी पानी है जो गिलास में रह जाता है। इसके मद्देनजर ही 'हाफ ग्लास फुल कैम्पेन' के तहत आधा गिलास ही पानी भरें जब तक कि मांगा नहीं जाए। यह पहल सिर्फ गैर उपयोगी पानी को बचाना नहीं बल्कि जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। जल संरक्षण मौजूदा दौर की आवश्यकता है। हमें एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर जहां तक संभव हो हर तरीके से पानी बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत एनएचएसआरसीएल के सभी कार्यालयों में 'हाफ ग्लास फुल कैम्पेन' के संदेश वाले लगाए गए हैं। एनएचएसआरसीएल ने एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट कंपनी के तौर पर जहां तक संभव है हर तरीके से पानी बचाने की दिशा में प्रयास प्रारंभ किया है।